## नाराज बीजेपी और कांग्रेस जनपद सदस्य ने बैठक का किया बहिष्कार



**पानसेमल।** जनपद पंचायत कार्यालय में बुधवार को आयोजित सामान्य बैठक में कांग्रेस के जनपद पंचायत सदस्य मोतीराम सोलंकी एवं बीजेपी से जनपद सदस्य जगदीश भंडारी ने बैठक का बहिष्कार किया एवं नियमानुसार बैठक करने की बात कही। बैठक अधिकारियों एवं जनपद सदस्यों, जनपद अध्यक्ष की मौजूदगी में होनी चाहिए थी। बैठक के लिए जारी पत्र में स्पष्ट था कि प्रतिनिधि अपेक्षित नहीं है। इस बारे में जनपद पंचायत सीइओ अंतरसिंह डावर ने बताया कि बैठक में कुछ जनप्रतिधियों ने नाराजगी जाहिर की। आगामी समय में तारीख तय करके बैठक कराई जाएगी। बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिला विनोद वसावे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे, जनपद सीइओ अंतरसिंह डावर सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शुरू हो चुकी थी।



## नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत दिलाई शपथ

**पानसेमल।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशे से मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पूरे प्रदेश में चलाया गया। उक्त अभियान में अखिल विश्व गायत्री परिवार, पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के आपसी सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता के लिए कार्यक्रम हुए। वरिष्ठ शिक्षक संजय शिरोड़े ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह परिवार और समाज की संरचना को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से अपील भी की। बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनजाती कार्य विभाग, पुलिस विभाग एवं खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक रूप से अभियान का समापन किया गया। नशा मुक्ति के लिए विद्यालय की 487 बालिकाएं तथा स्टॉफ, पुलिस विभाग को संजय कुमार शिरोडे ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी सरिता धार्वे, पुलिस विभाग से अभिषेक रावत, खेल एवं युवक कल्याण विभाग से पंडित राज मोरे, सुधीर पाटिल, सुदाम पवार तथा स्टॉफ मौजूद रहा। आभार शिक्षक संजय कुमार शिरोडे ने व्यक्त किया।

## वाइन शॉप के बाहर हंगामा, युवक पर हमला

इंदौर. राजेंद्र नगर इलाके में वाइन शॉप के बाहर शराब पी रहे युवकों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया. शोर मचाने से मना करने पर दो युवकों ने एक युवक पर शराब की बोतल से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई है. घटना राजेंद्र नगर ब्रिज के पास एबी रोड स्थित वाइन शॉप के सामने की है. पीड़ित युवराज श्रीवास निवासी केसरबाग रोड ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. उसने बताया कि वह अपने दोस्त रजत तिवारी के साथ शराब पी रहा था, तभी वहीं मौजूद कुंदन दुबे और अतुल वर्मा निवासी आनंद नगर शराब के नशे में चिल्ला रहे थे. जब युवराज और उसके साथी ने शोर मचाने से मना किया तो आरोपी भड़क गए. पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर अतुल वर्मा ने शराब की बोतल उसके सिर और गाल पर मार दी, जिससे खून निकलने लगा. इसी दौरान कुंदन दुबे ने लात मारकर उसे और घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है.

## तेज आवाज में बात करने पर युवक पर फेंकी ईंट

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र की एक मल्टी में रहने वाले युवक को तेज आवाज में बातचीत करना महंगा पड़ गया. पड़ोसी युवक ने मामूली विवाद में ऊपर से ईंट फेंककर हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया. घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है. हम्माल कॉलोनी निवासी किशन पिता पदमसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्तों के साथ घर पर बातचीत कर रहा था, तभी पास में रहने वाला धनराज सोलंकी आकर जोर-जोर से बात करने पर आपत्ति जताने लगा. किशन ने जब उसे टोका कि वह अपने घर में बात कर रहा है, तो धनराज गाली-गलौज करने लगा. विवाद के बाद किशन और उसके साथी बलराम को छोड़ने कालानी नगर जा रहे थे, तभी धनराज ने मल्टी की ऊपरी मंजिल से ईंट फेंककर हमला कर दिया. ईंट बलराम के सिर और दाहिने पैर पर लगने से उसे गंभीर चोटें आई हैं. पुलिस ने आरोपी धनराज सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है.

## नशा मुक्ति के लिए युवा आगे आएं

देपालपुर. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत देपालपुर शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्रभारी भूतपूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं सचिव दिलीप यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भूतपूर्व छात्र परिषद के सहयोग से एसडीओपी संघ प्रिय सम्राट के मार्गदर्शन में देपालपुर पुलिस प्रशासन के 15 दिवस के लिए चलाए जा रहा है. अभियान नशे से दूरी, है जरूरी को लेकर छात्रों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल बताया कि नशा मुक्ति के लिए युवाओं को आगे आकर नशा कर रहे व्यक्ति को अवगत कराना चाहिए, वह खुद के साथ-साथ अपने परिवार का भी नुकसान करता है इसीलिए नशे से दूरी है जरूरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वंदना केसरी ने बताया कि नशे से दूरी के लिए अब कई तरह की दवाई भी आ गई है. एक बेंच भी आता है जिसे नशे करने वाले व्यक्ति के ऊपर लगा दिया जाता है तो उसे भी सिगरेट और शराब की तलब नहीं लगती है. प्रभारी प्राचार्य अनुपम वर्मा द्वारा बताया गया कि नशेड व्यक्ति को नशे से दूर करने के लिए प्रेरित करने के लिए किए जाने वाला कार्य भी एक पुण्य कार्य है जिससे कि उसका घर भी बच जाता है. नशा छुड़ाने के लिए युवाओं को आगे जाकर पहल करना चाहिए. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल ब्लैक मेडिकल ऑफिसर वंदना केसरी अतिथि के रूप में सचिव दिलीप यादव, उपाध्यक्ष विपिन पटेल, सदस्य राज जैन ,अनिल गोड बिरगोदा, प्रोफेसर पवन जैन, लाइब्रेरियन प्रोफेसर दिवाकर आदि मौजूद रहे. संचालन प्रोफेसर डॉक्टर एम आर नेहे द्वारा किया गया. अतिथि परिचय डॉ पुष्पा दिवाकर द्वारा किया गया. आभार प्रदर्शन अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा माना गया.

## शिव महापुराण कथा व सिद्ध रूद्राक्ष वितरण कल से

महू. जय भोले संगठन किशनगंज महू द्वारा शिव महापुराण कथा एवं सिद्ध रूद्राक्ष वितरण का भव्य आयोजन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक स्थानीय भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर, किशनगंज महू में किया जा रहा है. कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. कार्यक्रम आयोजक मनोज कौशल ने बताया कि आयोजन के शुभारंभ पर 31 जुलाई को दोपहर 1 बजे एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो चंदन गुरु के बगीचे से कथा स्थल तक जाएगी. शोभायात्रा में शिवभक्तों की भारी भागीदारी अपेक्षित है. कथा वाचन का पुण्य कार्य सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य पंडित विपुल कृष्णा महाराज (बड़गोंदा वाले) के श्रीमुख से संपन्न होगा. कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को सिद्ध रूद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा.

# मनरेगा अधिकारी देता है गाली, करें कार्रवाई

### सेंधवा जनपद के सहायक सचिवों ने मनरेगा लेखा अधिकारी पर गाली-गलौज करने के लगाए आरोप, कहा कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

**सेंधवा, (नवभारत)।** जपं के सहायक सचिवों ने मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार पर गाली गलौज किए जाने के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर सहायक सचिवों ने एसडीएम और जपं सीईओ को ज्ञापन भी दिया है। सहायक सचिवों ने कार्रवाई की मांग की है। सहायक सचिवों का आरोप है कि राकेश पवार ऑफिस में और मोबाइल पर हमें काम के लिए फोन लगा कर आए दिन गाली गलौज करता है।

मंशाराम अलावे ने आरोप लगाया कि मेरे द्वारा वर्ष 2020-21 में मनरेगा के तहत पंचायत में कराए गए कार्यों की सामग्री का बिल मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार द्वारा नहीं किया जा रहा है। जब भी मैं ऑफिस में जाकर बिल की बात करता हूं तो बिल लिस्ट दे दो। मैने एक बार कहा कि मेरे द्वारा 50 बार आपको लिस्ट दे दी गई है तो राकेश पवार ने मुझे मां और बहन की गालियां दी और कहा कि तुझे जो उखाड़ना है उखाड़ ले। मेरे द्वारा पत्नी के आभूषण गिरवी रख कर सामग्री वाले को बिल का भुगतान



करना पड़ा है।

ग्राम पंचायत थीगली के सहायक सचिव जगदीश जमरे ने आरोप लगाया कि मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार ने काम के संबंध में निजी रूप से कॉल कर गाली दी जाती है। वह हमें कहता है कि तुम काम करने लायक नहीं हो और कहता है कि ऑफिस में आकर बात करो, ऑफिस जाओ तो भगा देता है। ग्राम पंचायत जामपाटी के सहायक सचिव धरमसिंह ने आरोप लगाया कि मस्टर जीरों होने पर हम जब मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार को फोन लगाते हैं तो वह गाली गलौज करता है। सहायक सचिव गोपाल कनाडे ने आरोप लगाया कि मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार द्वारा मुझसे दो बार मोबाइल कॉल पर गाली गलौज की गई। एक बार जब मस्टर जीरो होने पर मैने कॉल कर पूछा तो गाली दी। बनिहार के सहायक सचिव प्यारचंद ने बताया कि मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार द्वारा एक कंप्यूटर ऑपरेटर लगाया हुआ था। उससे मेरी बहस हो गई थी। उसके बाद राकेश पवार द्वारा मुझे कॉल कर गाली गलौज की गई थी।

दिलीप नावडे और सुनील ब्राह्मणे ने आरोप लगाया कि मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार द्वारा हमारे सहायक सचिव साथियों के साथ मोबाइल पर आए दिन गाली गलौज की जाती है। यह अच्छा व्यवहार नहीं है और सहायक सचिवों को घृणा की दृष्टी से देखा जाता है। सहायक सचिवों ने पवार पर कार्रवाई की मांग की है।

बता दे एक दिन पूर्व सहायक सचिवों ने एसडीएम और जनपद सीईओ को लिखित शिकायत कर मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार पर बिल पास कराने के बदले कमिशन मांगने सहित गाली गलौज किए जाने की शिकायत की थी। वहीं राकेश पवार पर कार्रवाई नहीं होने पर कलमबंद हड़ताल की चेतावनी दी गई थी।

### राकेश पवार ने नहीं दिया पक्ष

मामले में मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार का पक्ष जानने के लिए उन्हें बुधवार को कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। उन्हें मैसेज कर उनका पक्ष बताने को कहा गया, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया।

### जांच करेंगे

जपं सीईओ अंजली बडोले ने कहा कि सहायक सचिवों ने मनरेगा लेखा अधिकारी राकेश पवार के द्वारा सहायक सचिवों से गाली गलौज किए जाने व अन्य मामलों की शिकायत की है। मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

**जांच कर करेंगे कार्रवाई**

- जपं सीईओ ने कहा मामले की जांच कराकर करेंगे नियमानुसार कार्रवाई।
- हड़ताल की दी थी चेतावनी।

## रोष मार्च कल

**बड़वानी।** पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर गुरुवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र जाधव के नेतृत्व में जिला स्तरीय रैली निकलेगी। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत चौहान ने बताया कि जिले के सभी विभाग के पुरानी पेंशन विहीन अधिकारी और कर्मचारी शासकीय बालक हाई स्कूल में 4.30 एकत्रित होंगे। यहां से एक रैली निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचेगी। जहां प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। ट्राइबल वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव हेमेंद्र मालवीय, कसर सिंह सोलंकी, अशोक कुशवाह, धर्मेन्द्र भावसार, निलेश भावसार, कमल कुशवाह, केशव यादव, मुकेश मालवीय व सभी पदाधिकारियों ने रोष मार्च को सफल बनाने की अपील की है। पदाधिकारियों ने बताया 5 सितंबर को सामूहिक उपवास, 1 अक्टूबर को सोशल मीडिया अभियान तथा 25 नवंबर को दिल्ली चलो आंदोलन किया जाएगा।

## 35 का होगा लैंस प्रत्यारोपण

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिला चिकित्सालय में बुधवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 149 नेत्र मरीज आंखों की जांच कराने आए थे। सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे व डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में लगे शिविर में डॉ विमलेश चोयल, डॉ स्वीटी जैन और नेत्र सहायक जय नारायण कुशवाह ने परीक्षण किया। सिस्टर सुषमा बिरथरे ने मरीजों का ब्लड प्रेशर और अश्विन बड़ोले ने ब्लड शुगर की जांच की।

महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के बाद 42 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 35 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर भेजा गया। 2 मरीजों के साथ परिजन नहीं होने से तथा 5 का



शुगर लेवल अधिक होने से नहीं भेजा जा सका। मरीज व परिजनों को नि:शुल्क भोजन कराया गया। आगामी शिविर 11 अगस्त को लगेगा।

**एक नजर में** | अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किए जा रहे हैं

# नगर पंचायत का सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

**नवभारत न्यूज़**
**खेतिया, 31 जुलाई.** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे देशभर में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान बड़े जोश और उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बीमारियों से बचाव मानसून के समय मच्छरों और गंदगी से जुड़ी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, डायरिया और हैजा की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।



### हो रहा जनजागरूकता कार्यक्रम

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने बताया कि नगर परिषद द्वारा इस अभियान के तहत घरों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और अस्पतालों की विशेष सफाई, कचरा प्रबंधन और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान में स्थानीय नागरिकों, संस्थाओं, स्कूली बच्चों और सफाई कर्मियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। वार्ड स्तर पर स्वच्छता समितियां बनाई गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को कचरा अलग-अलग जमा करने, शौचालयों के प्रयोग और स्वच्छ आदतों के बारे में समझा रही है।

### किए जा रहे हैं प्रयास

अभियान से नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जा रहा। स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया गया। साथ ही नगर परिषद द्वारा स्वच्छता के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

# पति ने ज़िंदा जलाया, महिला ने तोड़ा दम

- सब्ज़ी को लेकर विवाद में किया था केरोसिन से हमला, अब हत्या की धारा में चलेगा केस

**इंदौर.** चंदननगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में सब्जी न बनाने की बात पर पति ने पत्नी को केरोसिन डालकर जिंदा जला दिया. एमवाय अस्पताल में तीन दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद पीड़िता की मौत हो गई. पुलिस इस प्रकरण को जानलेवा हमले से बदलकर हत्या की धाराओं में दर्ज कर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करेगी.

घटना सिरपुर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर क्षेत्र की है, जहां रहने वाली 28 वर्षीय पायल को उसका पति शंकर अक्सर घरेलू बातों को लेकर प्रताड़ित करता था. बीते दिनों सब्जी नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ तो आरोपी ने गुस्से में आकर उस पर केरोसिन उड़ेल दिया और आग लगा दी. घटना के बाद बुरी तरह झुलसी पायल को तत्काल एमवाय अस्पताल में भर्ती



**मासूमों के सिर से उठा मां का साया**

पायल अपने पीछे तीन साल का बेटा और चार महीने की मासूम बेटी छोड़ गई है. अब परिवार पर दो मासूमों की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई है.

कराया गया, जहां शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया. पहले इस मामले में चंदननगर पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर शंकर को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अब मौत के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा जोड़ने की तैयारी है. मृतका के परिजनों ने थाने पहुंचकर ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के आरोप भी लगाए. उनका कहना है कि शंकर लगातार 50 हजार रुपए की मांग कर रहा था. मांग पूरी नहीं होने पर उसने पायल को आग के हवाले कर दिया. पीड़िता के परिवार ने शंकर के साथ उसके परिजनों पर भी कार्रवाई की मांग की है.

## भाई को बचाने गया तो चाकू से किया हमला

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी भट्टा इलाके में एक युवक को उस समय चाकू से हमला झेलना पड़ा, जब उसने अपने छोटे भाई से मारपीट कर रहे युवक को रोकने की कोशिश की. घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है.


मोहन कारोले ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई धीरज कारोले जब घर के पास मौजूद था, तभी आरोपी ललित मीणा वहां आया और उससे विवाद कर मारपीट करने लगा. मोहन ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन इससे नाराज आरोपी ने पहले उसे गालियां दीं और फिर अचानक पास से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया. चाकू का वार मोहन के बाएं जांघ में लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया. परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे. घटना की जानकारी मिलते ही परदेशीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी ललित मीणा के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# ब्राउन शुगर के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार
## क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में 2 लाख की ड्रग्स जब्त

*शहर में बेचता था नशे का ज़हर*

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर में नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हिस्ट्रीशीटर 52 वर्षीय बदमाश रवि उर्फ काला रघुवंशी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 11.78 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है.

राजकुमार सब्जी मंडी स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास की उक्त कार्रवाई गई,क्राइम ब्रांच की टीम को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी. गश्त के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराया, जिस पर संदेह हुआ और उसे घेराबंदी कर रोका. पूछताछ में उसने अपना नाम रवि उर्फ काला रघुवंशी निवासी पंढरीनाथ बताया. पुलिस के अनुसार, आरोपी पेशे से मजदूर है, लेकिन लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहा है. रवि ने पूछताछ में कबूला कि वह राजस्थान




से सस्ते दामों पर ब्राउन शुगर खरीदकर, उसे इंदौर में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था. आरोपी स्वयं भी नशे का आदी है और इसी लत को पूरा करने के लिए यह गोरखधंधा करता रहा है. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, रवि के खिलाफ पंढरीनाथ समेत विभिन्न थानों में तीन दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# फार्म हाउस, दुकान और घरों में चोरों के धावे
## इलायची से भरी बोरी, नकदी और इलेक्ट्रॉनिक सामान चुराया

धार. शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदातों में इज़ाफा हुआ है. बीते 24 घंटे में कोतवाली, देपालपुर, मानपुर और रावजी बाजार थाना क्षेत्रों से चोरी की चार अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं. चोरों ने कहीं फार्म हाउस में धावा बोला तो कहीं दुकान और घरों को निशाना बनाकर नगदी व कीमती सामान चुरा ले गए.

सियागंज में गोदाम से इलायची की बोरियां ले उड़े. कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार जवाहर मार्ग स्थित अजीज चेंबर के एक गोदाम से चोर करीब 1 लाख रुपए मूल्य की इलायची से भरी बोरी चुरा ले गए. फरियादी संदीप कालरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. गोदाम का ताला तोड़कर चोरी की गई. वहीं मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़खेड़ा में हनुमान मंदिर के सामने स्थित एक फार्म हाउस को चोरों ने निशाना बनाया. फरियादी समरेन्द्र पिता रामनारायण ने बताया कि वह फार्म हाउस बंद कर इंदौर चला गया था. 24 जुलाई को चौकीदार भंवर ने सूचना दी कि खिड़की टूटी है. मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि अंदर रखा फ्रिज, पंखा, कूलर, सर्चलाइट, चार्जर आदि सामान चोरी हो चुका है. इसी तरह देपालपुर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम आगरा निवासी शुभम पिता छगनलाल की दुकान से चोर पानी की नली और अन्य सामग्री चुरा ले गए. घटना रात के समय हुई और सुबह चोरी का पता चला. जबकि रावजी बाजार में नकदी पर हाथ साफ कर दिया. रावजी बाजार थाना क्षेत्र स्थित गाड़ी अड्डा के पास शॉप नंबर 1 में भी चोरी की वारदात हुई. फरियादी चिराग धमानी निवासी खातीवाला टैंक ने बताया कि अज्ञात चोर घर और दुकान में रखी नकदी लेकर फरार हो गया. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकण दर्ज कर लिया है, सीसीटीवी फुटेज के साथ तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जांच जारी है.

**समस्या** | मामला वार्ड 5 के रामानंद नगर की गली नंबर एक का

# नलों में नहीं आ रहा पानी, बोरिंग के भरोसे रहवासी



**इंदौर. आज भी नर्मदा पानी लोगों तक पहुंचाने में नगर निगम विफल रहा है. जनता को निजी या सरकारी बोरिंग पर निर्भर रहना पड़ रहा है. जबकि एक तरफ जिला प्रशासन बोरवेल पर पाबंदी लगाता है वहीं दूसरी ओर सरकारी कोटे से ही क्षेत्रों में बोरिंग करवाए जाते हैं.**

धार रोड के करीब पड़ने वाले वार्ड क्रमांक 5 में नर्मदा पानी को लेकर समस्या सामने आई है. वार्ड के रामानन्द नगर की गली नंबर एक में नर्मदा की लाईन तो घरों तक डाली जा चुकी है लेकिन उसमें नर्मदा का पानी नहीं आता. कहीं आता है तो इतना भी नहीं होता कि दो-चार बर्तन भर लिए जाएं. क्षेत्र के कई लोगों ने अपने नर्मदा कनेक्शन ही कटवा लिए है क्योंकि पानी मिले बिना ही उन्हें बिल थमाया जा रहा था. कुछ लोगों ने इसलिए नर्मदा कनेक्शन नहीं लिए कि नलों में नर्मदा का पानी तो आता ही नहीं है. हालांकि दूसरे क्षेत्रों की तर्ज पर रामानन्द नगर में भी सरकारी बोरिंग किया गया है. क्षेत्रवासी इसी पर निर्भर हैं. यह बात भी सामने आई है कि कई बार बोरिंग ख़राब होने पर लोगों की मुसीबतें बढ़ जाती है और गर्मियों के पूरे मौसम में लोगों को पानी की किल्लत उठानी पड़ती है.

### इनका कहना है...



हमारे घर के सामने घरों में नर्मदा कनेक्शन है पर पानी नहीं आता. इसको देखते हुए हमने भी आज तक नर्मदा कनेक्शन नहीं लिए. अधिकांश लोग बोरिंग से पानी भरकर काम चलाते हैं.

**- सकुन बाई**



नर्मदा का पानी आता है लेकिन एक घंटा भी पानी नहीं दिया जाता. कुछ जगह तो नलों से पानी कम आता है. कहीं एक बूंद पानी नहीं आता. कुछ लोगों ने कनेक्शन तक कटवा लिए.

**- ज्योति राजोरे**



बोरिंग ख़राब होने पर तुरंत तो सुधरता नहीं. कई दिनों तक लोगों पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. गर्मियों में भी बोरिंग में पानी कम हो जाता है. नर्मदा लाईन सुधरे तो सुविधा हो जाए.

**- अनिता पाल**